# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

पंत्राक– 118 /15/मीरजापुर/ दिंनाक, जुलाई 13 ,2016

**सेवा में–** मुख्य वन संरक्षकं/नोडल अधिकारी
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**विषय–** वेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0 लि0 द्वारा ग्राम–ददरी खुर्द,तहसील–सदर जिला–मीरजापुर में प्रस्तावित 1320 (2×660) मेंगा वाट ताप विद्युत गृह की स्थापना हेतु जलापूर्ती बाबत भूमिगत वाटर पाइप लाइन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ– आपका पत्रांक 13/11–सी/ Fp/Up/Thermal 14236/2015 लखनऊ दिं0 05.07.2016।

महोदय,

विषयक के सम्बन्ध संदर्भित पत्र द्वारा उठाई गयी आपत्तियो का निवारण कर बिन्दुवार आख्या Tabular Format में निम्न प्रकार प्रेषित हैं।

| Observ No. | Observation of GoI | Reply |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्ताव में सभी बचनबद्धताओं पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। | प्रस्ताव में संलग्न सभी बचनबद्धता अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर दिये गये हैं। |
| 2. | प्रस्तावक संस्था द्वारा पूर्व मे जस्टीफिकेशन नोट में 7.6398 हे0 अंकित कर पार्ट–ए में अपलोड किया गया था जिसे अभी भी 8.3581 हे0 संशोधित कर अपलोड नही किया गया हैं। | प्रस्तावक संस्था द्वारा पार्ट–ए में संशोधन कर संशोधित क्षेत्रफल 8.3581 अंकित कर दिया गया हैं। |
| 3. | गजट नोटिफिकेशन पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अंकित है परन्तु मार्ग को चिन्हित नहीं किया गया हैं। | प्रस्ताव मे संलग्न गजट नोटिफिकेशन में जलापूर्ति वावत भूमि गत पाइप लाइन एवं सम्पर्क मार्ग हेतु प्रस्तावित आराजी चिन्हित कर दी गयी हैं। |
| 4. | प्रस्ताव के पृष्ठ सं0 12 व 13 पर संलग्न टोपोशीट पर शीर्षक,इन्डेक्स एवं लीजेण्ड अंकित नहीं किया गया हैं। | प्रस्ताव के पृष्ठ सं0 12 व 13 पर संलग्न टोपोशीट से सम्बन्धित शीर्षक,इन्डेक्स व लीजेन्ड समेकित रूप से पृष्ठ सं0–11 पर संलग्न टोपोशीट में प्रदर्शित हैं। |
| 5. | बाधक वृक्षों का विवरण संलग्न है परन्तु प्रत्येक पृष्ठ पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। | बाधक वृक्षों के विवरण के प्रत्येक पृष्ठ अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षरित कर दिये गये हैं। |
| 6. | ऑन–लाइन प्रस्ताव के भाग–2 के क्रमांक–7 में कोई डाटा फीड नहीं किया गया हैं। | आन–लाईन प्रस्ताव के भाग 2 के क्रमाक–7 में विवरण फीड कर दिया गया हैं। |

उपरोक्त के अलावा भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उठाई गयी आपत्तियो का निवारण कर अपेक्षित सूचना Tabular Formet में प्रेषित हैं।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार

भवदीय

(के0के0पाण्डे)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर

संख्या– अ/समदिनांक

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक,मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
श्री अनुराग चोखनी, अधिकृत प्रतिनिधि, वेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0, मीरजापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(के0के0पाण्डे)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर